हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 26 मार्च 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 हैण्डपंप के हलक सूखे, ग्रामीण परेशान



## खबर संक्षेप



### बिजली कार्यालय में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**सूरजपुर।** मंगलवार को विद्युत विभाग के कार्यालय में आग लगने की घटना से हड़कंप मच गया। ट्रांसफार्मर में शोर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। इस घटना के बाद आनन फानन में दमकल विभाग की टीम ने समय रहते आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आगजनी में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। वहीं अधिकारी अब व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की बात कह रहे है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की दोपहर विद्युत विभाग के कार्यालय में लगे ट्रांसफार्मर में चिंगारी निकलने के साथ ही आग लग गई और देखते ही देखते आग चारो तरफ फैलने लगी। आगजनी की घटना से कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम द्वारा समय रहते आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। इस संबंध में सीएसईबी के एसी राजेश लकड़ा ने बताया शोर्टसर्किट के कारण आग लगी थी। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया है। विभाग अब सुरक्षा उपायों को मजबूत करने पर ध्यान देगा ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

### 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**डांडगांव।** अवैध शराब बिक्री के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम शंकरपुर में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। ऐसे में थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर के नेतृत्व में पुलिस द्वारा दबिश देकर जापानपारा निवासी नन्दलाल तिर्की आ. राम चरण तिर्की को घेराबंदी कर हिरासत में लिया। आरोपी ने शराब बिक्री की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी से दस लीटर महुआ शराब जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक राजेश चतुर्वेदी व रिंकू गुप्ता शामिल रहे।



रमज़ान मुबारक

पच्चीसवां रोज़ा

आज का इफ्तार - 6.14 बजे

कल की सेहरी - 4.31 बजे

## वेस्ट टू वंडर के तहत नगर निगम ने किया नवाचार

# आग से जलकर खाक हुए टर्सरी सेंटर के लोहे से बना दिया एफिल टावर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- स्वच्छता रैंकिंग और सर्वेक्षण में मिलेगी मदद

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम द्वारा जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। इस बार स्टार रेटिंग को ध्यान में रखते हुए ननि ने शहर के सौंदर्यीकरण और नवाचार पर विशेष ध्यान दिया है। इस बीच नगर निगम द्वारा कबाड़ से जुगाड़ के तहत नवा चार करते हुए सेनेटरी पार्क में एफिल टावर का प्रतिरूप तैयार किया गया है। वेस्ट टू वंडर के तहत कराए गए इस निर्माण का जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा। बड़ी बात यह है कि आने वाले समय समय में एफिल टावर लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेगा।

बता दें कि देश में एक बार फिर से स्वच्छता सर्वेक्षण का कार्य शुरू हो गया है और इस बार नगर निगम अंबिकापुर ने भी अपनी खोई हुई शाख को वापस पाने में लिए पूरी ताकत झोंक दी है। शहर में साफ़ सफाई के साथ ही सौन्दर्यीकरण, दीवारों की पेंटिंग सहित डामरीकरण व अन्य कार्य कराए जा रहे है। इस बीच नगर निगम ने एक नया नवाचार वेस्ट टू वंडर के तहत किया है। नवाचार के लिए देशभर में अपनी पहचान बनाने वाले नगर निगम ने इस बार फिर से कबाड़ से एफिल टावर का निर्माण किया है। बड़ी बात यह है कि इस टावर का निर्माण नगर निगम के सेनेटरी पार्क से ही निकले लोहे के कबाड़ से किया गया है। बता दें कि दीपावली के समय नगर निगम के सेनेटरी पार्क स्थित टर्सरी सेग्रीगेशन सेंटर में आग लग गई थी। इस आगजनी में पूरा सेंटर जलकर खाक हो गया था जिसके बाद यहां से निकले लोहे के एंगल और अन्य कबाड़ को नगर निगम ने फेकने के बजाए नया प्रयोग करते हुए एफिल टावर का निर्माण कर दिया है। सेनेटरी पार्क में जिस स्थान पर कचरे के पहाड़ को गार्डन में तब्दील किया गया उसी स्थान पर टावर का निर्माण कराया गया है। इस एफिल टावर की उंचाई 30 फीट है जबकि जमीन से इसके बेस लेबल की ऊंचाई भी लगभग 30 फीट है। ऐसे में ननि द्वारा कुल 60 फीट उंचे एफिल टावर का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही इसके चारों ओर पेवर ब्लाक लगाए गए है जबकि इसमें लाइटिंग की जाएगी जिससे आने वाले समय में यह एफिल टावर शहर की एक नई पहचान और लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेगा।



सेंटर के लोहे से बना एफिल टावर।

### टर्सरी सेग्रीगेशन सेंटर का भी काम पूर्णता की ओर

आग में जलकर पूरी तरह से खाक हुए टर्सरी सेग्रीगेशन सेंटर का भी नगर निगम द्वारा नए सिरे से निर्माण कराया जा रहा है। नगर निगम द्वारा इस सेंटर में सभी एसएलआरएम सेंटर से आए हुए कचरों को अलग करने के साथ ही उन्हें बिक्री उपयोग बनाया जाता है। टर्सरी सेग्रीगेशन सेंटर का काम भी अब पूर्णता की ओर है और आने वाले समय में एक बार फिर से यह सेंटर काम करने लगेगा जिसका लाभ नगर निगम को मिलेगा।

### सेनेटरी पार्क का उन्नयन

नगर निगम ने वर्षों पहले कचरे के पहाड़ को जैविक और वैज्ञानिक पद्धति से सुन्दर पार्क के रूप में तब्दील किया गया। कचरे के पहाड़ से पार्क में तब्दील सेनेटरी पार्क देशभर के लिए एक मॉडल एक रूप में प्रस्तुत किया गया। वहीं इस बार फिर से यहां कबाड़ से एफिल टावर का निर्माण करने के साथ ही अन्य सौन्दर्यीकरण के कार्य भी किए गए है। वेस्ट टू वंडर थीम पर आधारित परियोजना के तहत बेकार पड़ी वस्तुओं का रचनात्मक उपयोग कर उन्हें आकर्षक स्वरूप दिया गया है। पार्क को और अधिक सुंदर बनाने के लिए पुराने टायर, बोतलें, साइकिल रिंग आदि का भी प्रयोग किया गया है। इस पहल का उद्देश्य न केवल कचरे के पुनः उपयोग को बढ़ावा देना है, बल्कि शहरवासियों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक का संदेश देना है। वहीं यहां अटल परिसर का भी निर्माण कराया जा रहा है।



### फिर से पहचान स्थापित करना उद्देश्य

इस तरह की पहल से शहर में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और लोग इस अद्भुत कला को देखने के लिए प्रेरित होंगे। हमारा प्रयास है कि स्वच्छता सर्वेक्षण और स्टार रेटिंग में इस बार फिर से अपनी पहचान स्थापित कर सके और शहर का नाम देशभर में रौशन हो।

-डीएन कश्यप, आयुक्त ननि

## गाली देने से नाराज बुजुर्ग महिला को युवक ने उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सामरीपाठ की घटना, होली की रात की गई थी महिला की हत्या



सामरीपाठ पुलिस ने बुजुर्ग महिला के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल की है। वृद्ध महिला की हत्या गांव के युवक ने ही की थी। शराब के नशे में महिला द्वारा गाली बकने से आक्रोशित युवक ने उसकी बेदम पिटाई कर दी जिससे महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सामरी पाठ थाना अंतर्गत ग्राम जमीरापाठ के बोदीटोला निवासी 60 वर्षीय जंगली नगेसिया आ. स्व. सोहन नगेसिया ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि 14 मार्च को वह अपनी पत्नी पाको नगेसिया, पुत्र पवन नगेसिया, बहु ललिता नगेसिया के साथ हडिया शराब लेकर होली मनाने के लिए गाँव के भरडू नगेसिया के घर गया था। परिवार के सभीस अद्स्यों ने रात 8.30 बजे तक पार्टी की और उसके बाद वापस लौटने लगे लेकिन महिला पाको नगेसिया शराब पीने बैठी रही। परिवार के सदस्य वापस घर आकर सो गये थे। इस दौरान भोर में गांव के संतोष नगेसिया ने आकर बताया कि महिला सड़क किनारे गिरी हुई है। ऐसे में परिवार के सदस्य जब मौके पर पहुंचे तो महिला की मौत हो चुकी थी। महिला के नाक से खून निकल रहा था और कान के पास भी काला निशान था। शराब के नशे में महिला के गिरने की संभावना पर परिजन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम के लिए भेज दिया था। मामले में एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी व एसडीओपी कुसमी इम्मानुएल लकड़ा के नेतृत्व में जांच के दौरान पुलिस को पीएम रिपोर्ट से जानकारी मिली की महिला की मौत सिर एवं छाती में चोट लगने से तथा दम घुटने से हुई थी। ऐसे में पुलिस ने जांच उपरान्त संदेह के आधार पर गाने के अम्बिका नगेसिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि मृतिका उसे बेवजह गाली देती रहती थी जिससे वह महिला से रंजिश रखता था। घटना दिवस की रात जब वह घर लौट रहा था तो उसकी मुलाकात महिला से हुई। रात के समय अंधेरा होने के कारण उसने महिला के बारे में पूछा तो उसने गाली देना शुरू कर दिया जिससे गुस्से में उसने महिला को एक हाथ मार दिया और महिला जमीन पर गिर गई। बाद में खुद वह बुजुर्ग महिला को उठाकर उसके घर की तरफ ले जा रहा था लेकिन रास्ते में फिर से महिला ने गाली गलौज शुरू कर दी जिससे उसने आक्रोश में आकर महिला की बेदम पिटाई कर दी और घर चला गया। अगली सुबह पता चला की महिला की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी बोदीटोला निवासी 22 वर्षीय अम्बिका नगेसिया आ. बिरेन्द्र नगेसिया को बीएनएस की धारा धारा 103 (1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

## युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- गर्भवती युवती ने फांसी लगाकर की थी आत्महत्या

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और युवती के गर्भवती होने के बाद शादी से इनकार करने के बाद युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने मर्ग जांच उपरांत प्रेमी युवक को युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पतरा पारा निवासी युवती मुनेश्वरी टेकाम ने 31 जनवरी की रात अपने घर में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। युवती द्वारा फांसी लगाने के मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम के लिए भेजा गया। इस दौरान पुलिस को मृतिका के पास से एक सुसाइड नोट मिला था जिसमें मृतिका ने किसी जयप्रकाश नाम के युवक का जिक्र करते हुए लिखा था कि वह जयप्रकाश के कारण मर रही है और उसी के तरफ से गर्भवती हुई है। घटनास्थल पर ही पुलिस को मृतिका का मोबाइल फोन भी मिला था जिसमें उसने युवक से बातचीत की थी। दोनों के बातचीत से भी कई महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई थी। मृतिका के पीएम रिपोर्ट में भी गर्भवती होने की बात सामने आई थी। थाना प्रभारी कुमार चन्दन सिंह ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी वैभव बैंकर के निर्देश एएसपी विश्वदीपक त्रिपाठी व एसडीओपी कुसमी इम्मानुएल लकड़ा के नेतृत्व में जांच की जा रही थी। जांच के दौरान मृतिका के परिजन ने भी बताया कि वह मृतिका मुनेश्वरी किसी लड़के से बात करती थी और पूछने पर उन्हें कोई जानकारी नहीं देती थी। घटना के पूर्व उसने अपनी बड़ी बहन को भी फोन कर अपना उपचार कराने की बात बोली थी। पुलिस के अनुसार जांच में यह बात सामने आई कि मृतिका और आरोपी जय प्रकाश के बीच प्रेम सम्बन्ध था और युवती गर्भवती हो गई थी लेकिन जयप्रकाश गर्भ के बच्चे को अपना होने से इनकार करने के साथ ही शादी करने से मना कर रहा था। यही वजह है कि मानसिक रूप से प्रताड़ित हो चुकी युवती ने सामाजिक लोक लाज के भय से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने पतरापारा निवासी जय प्रकाश कौशिक उर्फ पिन्टू आ. चंदन कौशिक गोड़ को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इस मामले में आरोपी को बीएनएस की धारा 108 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह, उनि दिनेश राजवाडे, प्रधान आरक्षक रिंकू गुप्ता, राजेन्द्र ध्रुव, आरक्षक अमृत सिंह एवं अन्य सक्रिय रहे।



## दुष्कर्म का विरोध करने पर प्रेमिका का सिर कुचल की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- एक साल पुराने हत्या के मामले में पुलिस को मिली सफलता, आरोपी प्रेमी ऑटो चालक गिरफ्तार

बलरामपुर जिले की कुसमी पुलिस ने एक साल पहले युवती के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल की है। युवती की हत्या उसके प्रेमी ने ही की थी। मेला देखकर लौट रही युवती से आरोपी ने दुष्कर्म करना चाहा लेकिन जब युवती ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने पत्थर से उसका सिर कुचलकर बेरहमी से हत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को इस मामले का खुलासा करते हुए एसडीओपी कुसमी एमानुएल लकडा ने बताया कि कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम चैनपुर निवासी 18 वर्षीया दिव्या उर्फ तोली 6 नवम्बर 2023 को उमको मेला देखने गई थी लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं लौटी। युवती के वापस नहीं आने पर युवती की मां मांदा पैकरा पति स्व. सस्तु पैकरा के पुलिस को शिकायत की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा युवती की तलाश की जा रही थी। इसी बीच 13 नवम्बर को क्षेत्र के कतारी कोना जंगल में नाला के पास युवती की क्षत विक्षत लाश मिली थी। लाश का चेहरा बुरी तरह से कुचला हुआ था। इस मामले में पुलिस द्वारा पीएम उपरान्त अपराध दर्ज कर जांच की जा रही थी लेकिन इस मामले में कोई सुराग नहीं मिला। हाल ही में एसपी वैभव बैंकर द्वारा लंबित अपराधों की समीक्षा के दौरान ऐसे प्रकरणों की जांच के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी एमानुएल लकडा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा फिर से मामले की जांच शुरू की गई। इस दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि युवती को अंतिम बार ऑटो चालक रविशंकर के साथ देखा गया था। ऐसे में पुलिस ने संदेह के आधार पर युवक को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी चैनपुर निवासी 34 वर्षीय रविशंकर उर्फ भगत आ. सुरेश पैकरा ने पुलिस को बताया कि उसका युवती के साथ प्रेम संबंध था। घटना दिवस की शाम मेला से वापस लौटते समय उसने युवती को ऑटो में बैठाया और कतारी कोना जंगल में नाला के पास ले जाकर उससे शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया गया लेकिन जब युवती ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसका पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में आरोपी युवक को भादवि की धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुसमी ललित कुमार यादव, प्रधान आरक्षक प्रांजुल, कश्यप, प्रताप टोप्पो, सुकेश एक्का, धीरेन्द्र चन्देल, आरक्षक कामेश्वर पैकरा, मनोज लकडा, मनोज कुजूर, अनिल पैकरा, रूपेश मिंज सक्रिय रहे।






## खबर संक्षेप

### पंचायत चुनाव में गोंड़ समाज को नहीं मिला प्रतिनिधित्व



**मनेन्द्रगढ़।** त्रि-स्तरीय पंचायत राज व्यवस्था अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के निर्वाचन में आबादी के हिसाब से गोड समाज के अभ्यार्थियों को समुचित प्रतिनिधित्व न मिलना, इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है। उक्ताशय का बयान जारी करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य शरण सिंह ने कहा कि हमारा यह सरगुजा संभाग जनजाति समुदाय बाहुल्य क्षेत्र है, जिसमें गोंड आबादी की बाहुल्यता है, परंतु अभी हाल में ही संपन्न पंचायत चुनाव में गोड़ समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधित्व न मिलने से समाज के लोग अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। अभी हाल ही में संपन्न जिला पंचायत चुनावों में जिला कोरिया, सूरजपुर एवं एमसीबी में एक भी पद चाहे वह अध्यक्ष का हो या उपाध्यक्ष का गोड़ समाज के खाते में नहीं गया है।

### सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 30 को

**जांजगीर-चांपा।** सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति एवं सतनामी समाज की बैठक सतनाम भवन गुरु घासीदास स्मारक स्थल एवं मिनीमाता सभा स्थल लछनपुर केराझरिया चांपा में 20 मार्च को परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा आरती का प्रारंभ की गई बैठक में रविवार 30 मार्च सतनामी युवक युवती परिचय सम्मेलन की समीक्षा तैयारी की गई। अध्यक्ष सुखराम मधुकर ने युवक युवती परिचय सम्मेलन 30 मार्च को सुबह 10 बजे से शारदा मंगलम जांजगीर में विवाह योग्य युवक युवती प्रतिभागी, परिजन एवं समाज के अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि समाज के लोग भाग लेंगे। परिचय सम्मेलन के पश्चात सतनामी आदर्श विवाह 6 अप्रैल को रायपुर में आयोजित है।

### बढ़ती गर्मी के साथ उल्टी दस्त के मरीज पहुंच रहे अस्पताल

**जांजगीर-चांपा।** तेज गर्मी के साथ-साथ तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। तापमान में बढ़ोतरी होने से लोगों का स्वास्थ्य भी बिगड़ रहा है। जिसके चलते उल्टी दस्त एवं डायरिया से प्रभावित मरीज भी बढ़ रहे हैं। खासकर जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल जांजगीर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भी भारी भीड़ मरीजों की देखी जा रही है। जांजगीर के जिला अस्पताल में रोजाना 350 के करीब मरीज उपचार करने के लिए पहुंचते हैं। ओपीडी में 300 से 350 मरीज उपचार करने ऑनलाइन पंजीयन भी करते हैं।

## मार्च में ही गहराने लगा जल संकट, विभाग से सुधार की मांग

# हैण्डपंप के हलक सूखे, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/बरबसपुर

कोरिया-एमसीबी जिले में गर्मी की शुरूआत के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। कई गांवों में हैंडपंपों ने जवाब देना शुरू कर दिया है, इससे ग्रामीणों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। हालात इतने खराब हो गए हैं कि लोग नदी-नालों और अन्य असुरक्षित जल स्त्रोतों से पानी लेने को विवश हो रहे हैं। गांवों में स्थित कई हैंडपंप सूख चुके हैं या उनका जलस्तर काफी नीचे चला गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि विभाग द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। एमसीबी जिले के मेन रोड बरबसपुर गांव में हैंडपंप के सूख जाने से ग्रामीणों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। गांव में एक वर्ष से खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत नहीं की गई, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। गांव में कुछ वर्षों पहले तक हैंडपंपों से पर्याप्त पानी उपलब्ध था, लेकिन पिछले साल से कई हैंडपंप बंद पड़े हैं। मरम्मत नहीं होने के कारण ग्रामीणों को हैंडपंपों से पानी नहीं मिल पा रहा। गर्मी के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो गई है। गांव के लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार स्थानीय प्रशासन से हैंडपंपों की मरम्मत कराने की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों को पीने और घरेलू कार्यों के लिए कुंओं या दूर के जल स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। बरबसपुर के संतोष कुमार, सीमा देवी और रामप्रसाद यादव सहित कई ग्रामीणों ने प्रशासन से हैंडपंपों की जल्द मरम्मत और वैकल्पिक जल व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया तो गर्मियों में पानी की समस्या और भी विकराल हो सकती है। इस संबंध में जब पीएचई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गांव के हैंडपंपों की स्थिति की जांच की जाएगी और जल्द से जल्द खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत कराई जाएगी।



बंद हैंडपंप

### पेयजल संकट गहराने लगा

हैंडपंपों से पानी आना बंद हो गया है, जल स्तर गिरने के कारण अधिकांश हैंडपंप सूख चुके हैं। बदलाव के लिए कोई योजना नहीं, ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, लेकिन संबंधित विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। बदलते मौसम का असर लगातार गिरते भू-जल स्तर और समय पर बरसात नहीं होने से स्थिति और खराब हो रही है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि जल्द से जल्द वैकल्पिक जल प्रबंध किया जाए। उन्होंने हैंडपंपों की मरम्मत, नए बोरवेल खुदवाने और टैंकर से पानी उपलब्ध कराने की मांग की है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में हालात और विकट हो सकते हैं।

## पहली बार नए जिले एमसीबी में आएंगे राज्यपाल डेका



बैठक लेते कलेक्टर डी. राहुल वेंकट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर ने जानकारी दी कि छग के राज्यपाल रमेन डेका 26 मार्च को बैकुंठपुर दौरे के बाद ट्रेन के माध्यम से एमसीबी जिले में आएंगे। उनके आगमन को लेकर तैयारियों की चर्चा भी की गई।

- कलेक्टर ने दौरे की तैयारियां को लेकर ली बैठक

इस दौरान राज्यपाल अपने प्रवास के दौरान नई लेदरी रेस्टोरेंट पहुंचेंगे और फिर जिला कार्यालय पहुंचेंगे इस दौरान छग महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर परेड की सलामी लेंगे। इसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण करेंगे। राज्यपाल शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में चल रही शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। वहीं राज्यपाल कमलडांड़ पहुंचकर उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित कमल फूल की खेती का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा वे आश्रयगृह घरौंधा चैनपुर, और तेंदुडांड़ हाउसिंग बोर्ड का दौरा करेंगे। जिले के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों की भी समीक्षा की करेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी हॉटस्पॉट पर मजिस्ट्रेट की तैनाती सुनिश्चित की जाए। वहीं स्थानीय प्रशासन राज्यपाल के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य तैयारियों में जुट गया है। बैठक में जल संसाधन, उद्यानिकी, कृषि, नरेगा, स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों की योजनाओं की जानकारी ली गई। आयुष ग्राम, टीबी उन्मूलन, बाल लिंगानुपात, शाला प्रवेशोत्सव, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान और बाल विवाह रोकथाम कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, छग नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना और पुस्तकालय व्यवस्था की प्रगति पर भी चर्चा हुई। स्वीप कार्यक्रम, एनसीसी, रामवन गमन पथ, टूरिज्म एसेट्स बैंक, रॉक पेंटिंग, गोंडवाना फॉसिल्स पार्क, घाघरा मंदिर, सती मंदिर और जिले के पर्यटन स्थलों की स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया। समाज कल्याण विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पशुपालन, नशा मुक्ति केन्द्र, खरीफ फसल, पीएमजीएसवाई, आयुष्मान भारत, पीएम किसान, पीवीजीटी और अमृत सरोवर योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

## राजयोगिनी दादी जानकी की पांचवी पुण्य तिथि कल

**बैकुण्ठपुर।** प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय विवि के स्थानीय सेवा केन्द्र गढ़ेलपारा में 27 मार्च को उक्त संस्था की पूर्व प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी की पांचवी पुण्य तिथि के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, साथ ही ब्रम्हाभोजन भी आयोजित की गई है।

स्थानीय सेवा केन्द्र संचालिका बीके रेखा बहन ने जानकारी दी कि 27 मार्च को दोपहर 1 बजे उक्त कार्यक्रम आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि राजयोगिनी दादी जानकी अपनी सादगी, विनम्रता एवं गहरी आध्यात्मिक शक्ति के लिए याद की जाती है।

दादी जानकी अपना पूरा जीवन दूसरो की सेवा में समर्पित कर दिया था और वे राजयोग के माध्यम से लाखों लोगों को शांति, खुशी एवं आंतरिक शक्ति का अनुभव कराया, जिनकी पांचवी पुण्य तिथि पर उन्हें पुष्पांजलि देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## चरचा माइंस आरओ में 100 टन कांटा घर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा माइंस आरओ में 24 मार्च को कोयला परिवहन को सुगम बनाने के लिए 100 टन वजन क्षमता वाले कांटा घर का विधिवत उद्घाटन किया गया।

इस मौके पर बैकुंठपुर क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक बीएन झा ने फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर कांटा घर का शुभारंभ किया। यह नई सुविधा कोयला परिवहन को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाएगी, जिससे क्षेत्र के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। चरचा कॉलरी में प्रतिमाह लगभग 1,25,000 टन कोयले का उत्पादन होता है और भविष्य में इसके और बढ़ने की संभावना है। वर्तमान में रेलवे से पर्याप्त परिवहन नहीं होने के कारण रोड सेल की आवश्यकता महसूस की गई। इस माह 5,000 टन कोयला रोड सेल के माध्यम से परिवहन करने का लक्ष्य रखा गया है। इस नई पहल से न केवल कोयला परिवहन तेज और सुगम होगा, बल्कि क्षेत्रीय उद्योगों को भी कोयले की आपूर्ति समय पर मिल सकेगी।

# बाजार में बिक्री के लिए आए मिट्टी के घड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गर्मी के मौसम में सूखे कंड की प्यास बुझाने के लिए लोग शीतल जल का उपयोग करते हैं। आर्थिक रूप से सुदृढ़ लोगों के घरों में तो फ्रीज की सुविधा होती है, लेकिन आज भी कई लोग हैं, जो परंपरागत मिट्टी के मटके का उपयोग शीतल जल के लिए उपयोग करते हैं।

- 120 से लेकर 230 रूपए तक उपलब्ध हैं मटके

प्रतिवर्ष गर्मी केमौसम में घड़े का विक्रय होता है। यही कारण है कि गर्मी के मौसम में स्थानीय कुंभकारों के अलावा बाहर के व्यापारी काफी संख्या में घड़ा लेकर शहर में पहुंच कर अपनी दुकानें लगाते हैं। शहर में रविवार को मप्र के चंदिया के व्यापारी काफी संख्या में विभिन्न साइज के घड़े सहित अन्य मिट्टी के सामान लेकर विक्रय के लिए पहुंचे। जिन्होंने अपनी दुकान सोमवार से सजा दी है। व्यापारियों से मिली जानकारी के अनुसार उनके पास 120 रूपए से लेकर 230 रूपए तक के मटके हैं, इसके अलावा अन्य तरह के मिट्टी के सामान भी लेकर आए हैं। चंदिया से आए व्यापारी ने बताया कि वे बीते कई वर्षो से बैकुंठपुर शहर में गर्मी की शुरूआत में आकर मटका बेचते हैं। उल्लेखनीय है कि मिट्टी के घड़े का पानी गर्मी में प्राकृतिक रूप से शीतलता प्रदान करती है। मिट्टी के घड़े का पानी पीने से शरीर को स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। जबकि फ्रीज का पानी शरीर के लिए हानिकारक साबित होता है। यही कारण है कि आधुनिक दौर में भी मिट्टी के मटके की मांग गर्मियों में जमकर रहती है।



बिक्री के लिए बाजार में आए मटके।

### पारंपरिक कला को बढ़ावा देने की दरकार

कुंभकार परिवार ज्यादातर अपने पारंपरिक कला को आज भी आजीविका का साधन बनाए हुए हैं। खेती-किसानी कार्य के अलावा मिट्टी के घड़े व अन्य सामान बनाकर परिवार चलाते हैं। आधुनिक दौर में उन्हें उनकी पारंपरिक कला को बढ़ावा देने के लिए सरकार से आर्थिक सहायता की जरूरत है, ताकि अपने कला को जीवित रख सके, इससे अपनी आजीविका में सुधार कर सके। कुंभकारों को आधुनिक जीवन शैली में सस्ते प्लास्टिक के सामानों के कारण पारंपरिक कुंभकारों की स्थिति तेजी से बिगड़ रही है। मिट्टी के बर्तनों में कमी के कारण आय में गिरावट आ रही है।

### साप्ताहिक बाजार में बिकने लगा घड़ा

स्थानीय कुंभकार शहर में साप्ताहिक बाजार में घड़े का विक्रय करने के लिए कुछ दिनों पूर्व से ही आना शुरू कर दिए हैं। स्थानीय कुंभकार छोटी-बड़ी विभिन्न साइज के घड़ा लेकर शहर के बाजार में बाजार दिवस को पहुंचते हैं, इसके बीच मप्र के चंदिया के व्यापारी भी बड़ी संख्या में घड़े लेकर शहर में पहुंच गए हैं, इससे स्थानीय कुंभकारों को उनसे चुनौती भी मिल रही है।

## पीएम के कार्यक्रम को लेकर जिलाध्यक्ष पावले ने ली बैठक



**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए 30 मार्च को बिलासपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित आमसभा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंडलवार बैठक एवं पूरे कार्यक्रम को संचालित करने के लिए मंडलवार प्रभारी एवं सहप्रभारियों को दायित्व देते हुए भाजपा एमसीबी जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती पावले ने जिले में मंडलवार प्रभारी एवं सहप्रभारी नियुक्त किए हैं। जारी सूची में जनकपुर मंडल कमलेश गुप्ता प्रभारी, जिला पंचायत अध्यक्ष एमसीबी सहप्रभारी श्रीमती यशवंती सिंह, कौशल पटेल (नगर पंचायत अध्यक्ष जनकपुर) को सहप्रभारी, ज्योति (उप सरपंच भगवानपुर )सहप्रभारी नियुक्त किया है। इसी तरह कुंवारपुर मंडल प्रभारी पवन शुक्ला, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सहप्रभारी हीरालाल मौर्य, कृष्ण प्रताप सह प्रभारी नियुक्त किए गए। कोटाडोल मंडल में अशोक सिंह को प्रभारी, उप सरपंच कोटाडोल राजाराम, सरपंच कोटाडोल सहप्रभारी सुभाष सिंह व केल्हारी मंडल संजय राय प्रभारी, श्रीमती ज्योति गुप्ता (जनपद उपाध्यक्ष मनेन्द्रगढ़)शिव प्रसाद सिंह (सरपच डूगला), कोमल मौर्य उप सरपंच पसोरी सह प्रभारी बनाए गए हैं।

## ब्राह्मण समाज कोरिया का होली मिलन समारोह

**बैकुण्ठपुर।** ब्राह्मण समाज कोरिया द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह सोमवार शाम ग्राम खांडा स्थित शगुन गार्डन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह में समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए और आपसी भाईचारे व समाज सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपक्षेत्र प्रबंधक झिलमिली कॉलरी आरपी मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण समाज शिक्षा, त्याग और बलिदान से हमेशा अग्रणी रहा है। उन्होंने इस आयोजन को आपसी समझ और प्रेम बढ़ाने का एक सुंदर माध्यम बताया। ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष बृजनारायण मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया और समाज के उत्थान में सक्रिय योगदान देने वाले व्यक्तियों का अभिनंदन किया।

## नशीले पदार्थों की तस्करी पर लगाएं रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सोमवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी नशामुक्ति केन्द्रों की व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाएं और वहां भर्ती मरीजों को बेहतर सुविधाएं दी जाएं। साथ ही, स्कूल, कॉलेज और हॉस्टल के आसपास स्थित दुकानों एवं मेडिकल स्टोर्स की सख्ती से जांच करने के निर्देश दिए गए।

यदि किसी दुकान में नशीले पदार्थ बेचे जाते पाए जाते हैं तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने पुलिस विभाग को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि जिले में बाहरी वाहनों की सघन जांच की जाए, ताकि नशीले पदार्थों की तस्करी पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि नशा मुक्ति केन्द्रों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता MD (Medicine), मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा
डॉ. सोनल गार्डिया MBBS, MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल एम. डी. फिजीशियन
डॉ. ओम प्रकाश पंडित MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले MS, ENT, नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता MBBS (Pune), DTCD (Kolkata) Chest Physician
GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) | 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
अपने फेफड़ों की जांच कराएं और आज ही अपने डॉक्टर की सलाह लें!
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे -
◆ जटिल अस्थमा (दमा) ◆ टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB ◆ गले व छाती में कफ संबंधित समस्या ◆ बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना ◆ छाती में भारीपन और सांस फूलना ◆ छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना ◆ छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या ◆ खांसी, जुकाम एवं एलर्जी ◆ बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी ◆ खांसी में खून आना

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

Wellness Home AN ADVANCE PHYSIOTHERAPY CHIROPRACTIC OSTEOPATHY CLINIC
डॉ. श्रेया गुप्ता
BPT, FOMT (Australia), FNMT Certified Pilates, Cupping and Hijama Therapist CertifiedAccupanturist and Dry Needling Therapist Certified FDM Practitioner (1st in Ambikapur)
मैनुवल थेरेपी
न्यूरी थेरेपी एवं लकवा (चेहरा/शरीर), हड्डी एवं जोड़ों में दर्द (स्लीप डीस्क, फ्रोजन सोल्डर), गर्भावस्था में थेरेपी, ओल्ड ऐज संबंधित थेरेपी, बच्चों की थेरेपी (CP, एड़ी उठाकर चलना), आर्थराइटिस, मॉसपेशियों का दर्द (साइटिका, कमर दर्द), सरवाईकल का दर्द
समय सुबह 10 से 1 बजे तक शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक
श्रेया डिपार्टमेंट स्टोर के पीछे महामाया रोड, अम्बिकापुर

सरगुजा मार्केट

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे शनिवार, 22 मार्च 2025 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
• सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment) • पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia) • झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy) • Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना) • जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज • लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज • Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा) 7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 6 अप्रैल 2025, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

डॉ. शैल वर्मा (एमबीबीएस, एमडी) मनोरोग विशेषज्ञ
दिनांक : 26 मार्च 2025 दिन - बुधवार
स्थान वेलनेस होम फिजियोथेरेपी कायरोप्रैक्टिक ऑस्टियोपैथी क्लिनिक होटल खाना खजाना के सामने महामाया रोड अम्बिकापुर
कुंज बिहारी लाल एंड ब्रदर्स मेडिकल स्टोर अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
महामाया चौक, अम्बिकापुर, मो. 8966944740, 8889058145

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
25 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना। • पेशाब में जलन। • प्रोस्टेट बढ़ जाना। • पेशाब बार-बार होना। • किडनी, पेशाब थैली। • पेशाब बूंद- बूंद पर होना। • गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी। • पेशाब के रास्ते का छोटा होना। • पेशाब की धार न बनना, इत्यादि। • अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL 7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000 खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

मानसिक एवं न्यूरों रोग परामर्श
डॉ. अनिल कुमार यादव एम.डी, (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
दिनांक 30मार्च 2025, रविवार
प्रकाश हास्पिटल जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

25 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 3/25/2025 9:48 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### पतंजलि समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**राजपुर।** पतंजलि परिवार की बैठक सह राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ के सह राज्य प्रभारी कमलेश योगी की मौजूदगी में आयोजित की गई। अग्रसेन भवन में आयोजित बैठक के दौरान मई महीने में 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर किए जाने, संगठन हेतु सदस्यता अभियान चलाने, नियमित योग कक्षा, पतंजलि योगपीठ के कार्यों को जन जन तक पहुंचाना आदि विषयों पर चर्चा कर सहमती बनाई गई। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में मानव काया को निरोग बनाए रखने कुशल जीवन प्रबंधन, राष्ट्र भक्ति, मानव जीवन में धन, बल एवं समय का सदुपयोग करने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वयं एवं समाज को मजबूत बनाने का सशक्त माध्यम योग है। आज समाज में तेजी से बढ़ रहे नशा, वासना, अपराध, भोग विलासिता, सड़क दुर्घटना, डिप्रेशन अवसाद में आकर लोगों का आत्महत्या करना, योग के माध्यम से इन सभी से मुक्ति संभव है। मानव जन्म लेने का उद्देश्य सार्थक करने एवं पूर्ण आयु प्राप्त करने के लिए योग को अपनाना होगा। मनुष्य की सभी शक्तियां योग से जागृत होती है। बैठक में अंबिकापुर से कमलेश, अंबिका शुक्ला, अशोक बंसल, अनिल गुप्ता, सी सिंह, मनोज गुप्ता, मुरारी यादव, धनसी यादव, ललन राम मुंडा, अशोक गुप्ता, कृष्णा अग्रवाल, एमपी. बंसल, गीता पांडे, मंजु बंसल, निर्मला कश्यप, एवं पतंजलि जिले एवं खण्ड के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### चोरी के अलग-अलग मामलों में 4 आरोपी गिरफ्तार



**भटगांव।** पुलिस ने चोरी की अलग-अलग घटनाओं में शामिल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है। ग्राम श्याम नगर निवासी रूप राजवाड़े ने 20 मार्च को सलका साप्ताहिक बाजार से मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 6324 की चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दूसरा मामला एसईसीएल के सुरक्षा प्रहरी राजेश शुक्ला ने 25 मार्च को 40 मीटर कॉपर केबल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। भटगांव पुलिस ने दोनों मामलों की विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो संदिग्ध व्यक्तियों के चोरी की दो अलग मोटर साइकिल से घूमने की सूचना पर थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी ने अलग-अलग टीमें बनाकर आरोपियों को पकड़ने के लिए भेजा। पुलिस ने ईंट भट्टा निवासी आरोपी (21वर्ष) एवं शुभम जायसवाल (23वर्ष) से चोरी की दो मोटर साइकिल बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि एसईसीएल खदान में लगे ट्रांसफार्मर में लगे कॉपर केबल वायर को अपने साथी बिश्रामपुर कॉलोनी निवासी रायल एक्का (27वर्ष) के साथ चोरी किया तथा तांबा निकालकर प्रगति बिहार कॉलोनी निवासी गुड्डू साहनी (29वर्ष) को बेचने के लिए दिया था। तांबा बेचकर आरोपी ने नशीली सामग्री खरीदा था। पूछताछ उपरांत पुलिस ने आरोपियों से दो मोटर साइकिल चोरी का 40 मीटर केबल खरीदने वाले आरोपी गुड्डू से 10 किलो तांबा बरामद किया।

### क्रेडिट कार्ड बंद होने के नाम पर 50 हजार की ठगी

**अंबिकापुर।** बौरीपारा निवासी 43 वर्षीय सामू साय तिग्गा आ. जिसवा राम के पास 22 मार्च की दोपहर 2.6 बजे एक व्यक्ति द्वारा उसके मोबाइल नंबर पर फोन कर बताया कि वह एसबीआई बैंक से बोल रहा है और यवक अपना क्रेडिट कार्ड चलाना चाहते है या बंद कराना है। युवक ने बताया कि वह अपना क्रेडिट कार्ड नहीं चला रहा है इस लिए उसने क्रेडिट कार्ड को बंद करने के लिए बोला। इस दौरान फोन करने वाले फर्जी बैंक अधिकारी ने बताया कि यदि वो उसी समय अपना क्रेडिट कार्ड बंद कराना चाहते है तो 1900 रूपए आपके खाते से कट जाएगा। इससे पहले भी क्रेडिट कार्ड का वार्षिक चार्ज मेरे खाते से कटा था सामू साय ने समझा की व्यक्ति सही बोल रहा है। फोन करने वाले व्यक्ति ने उसे मोबाइल फोन पर ओटीपी आने और इसके बाद क्रेडिट कार्ड बंद होने का झांसा दिया। काफी देर बात होने के बाद फोन करने वाले व्यक्ति ने बोला कि आपके द्वारा बैंक में पूर्व दुसरा जन्मतिथि बताया गया था इस कारण से क्रेडिट कार्ड बंद नहीं हो रहा है जिसके बाद उसने बैंक पासबुक की फोटो और ओटीपी को मांगा। जैसे ही युवक ने ओटीपी की जानकारी दी उसके खाते से दो बार में 25- 25 हजार रूपए कट गए। ऐसे में युवक ने 50 हजार रूपए की ऑनलाइन ठगी की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

अधिकारियों ने कराई क्षय जांच

# सरगुजा में 254 ग्राम पंचायतों को किया गया टीबी मुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक

सोमवार को विश्व क्षय दिवस पर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने एक बार फिर से सरगुजा जिले के कुल 254 ग्राम पंचायतों को टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया है। जिले की कुल 439 ग्राम पंचायतों में से 254 पंचायतों ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के मानकों को पूरा किया है। शासन की स्वास्थ्य योजनाओं और आम जनता की जागरूकता से जल्द ही जिला पूरी तरह टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य हासिल करेगा।

जिला क्षय अधिकारी सरगुजा डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करने के लिए कुछ आवश्यक मापदंड तय किए गए हैं जिसमें प्रति 1000 जनसंख्या पर 1 से कम टीबी मरीज होना। टीबी के मरीजों का शत-प्रतिशत इलाज व स्वस्थ होना चाहिए। शासन की पौष्टिक आहार योजना का सभी मरीजों को लाभ मिलना। सभी मरीजों की दवाओं के प्रति संवेदनशीलता की जांच। सामान्य जनसंख्या के 30 प्रतिशत का बलगम जांच होना प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि अम्बिकापुर में 101 में से 71 ग्राम पंचायत, लुण्ड्रा में 77 में से 50 ग्राम पंचायत, बतौली में 42 में से 25 ग्राम पंचायत, सीतापुर में 42 में से 20 ग्राम पंचायत, मैनपाट में 44 में से 22 ग्राम पंचायत, लखनपुर में 74 में से 36 ग्राम पंचायत और उदयपुर में 59 में से 30 ग्राम पंचायत टीवी मुक्त घोषित हुए हैं जबकि विगत वर्ष 222 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त हुए थे लेकिन इनमें से शेष कुछ पंचायतों में टीबी के मरीज सामने आ गए जिससे उन्हें इस श्रेणी से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त घोषित ग्राम पंचायतों को महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। क्षय रोग के प्रति जनमानस में जागरूकता फैलाने हेतु नर्सिंग छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई। संगोष्ठी में उपस्थित सभी लोगों ने टी.बी. मरीजों के प्रति भेदभाव मिटाने, उनकी सहायता करने और सरगुजा को टी.बी. मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर अमृतलाल ध्रुव, सुनील कुमार नायक, सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को, सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी, संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. रमेश आर्या, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. पुष्पेंद्र राम, जिला कार्यक्रम समन्वयक बनवासी यादव, अभिषेक सिंह, श्रवण खुटे, संजय श्रीवास्तव, राजेश सिन्हा, संजय ताण्डी, सिन्नीचंद महंत, विकास जयसवाल सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



रैली में शामिल स्वास्थ्यकर्मी, इनसेट में टीबी की जांच कराते चिकित्सक।

**1742 का चल रहा उपचार**

जिला अधिकारी डॉ. गुप्ता ने बताया कि सरगुजा जिले में वर्तमान में टीबी के 1742 मरीजों की पहचान कर उपचार किया जा रहा है। प्रत्येक 1 लाख की जनसंख्या पर 3,000 बलगम जांच की जा रही है। खांसी के संदेहास्पद सभी मरीजों का मोलेकुलर पीसीआर टेस्ट के माध्यम से सूक्ष्मतम कीटाणुओं की पहचान की जा रही है। विश्व क्षय दिवस पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अविनाश मेश्राम द्वारा सीवाय टीबी जांच की शुरुआत की गई है। यह जांच उन लोगों के लिए उपयोगी है, जिनके शरीर में टी.बी. के कीटाणु हैं, लेकिन लक्षण नहीं दिख रहे। यह टीका स्वास्थ्य विभाग के सभी सदस्यों को लगाने की अपील की गई। सीवाय उच्च जोखिम समूह और टीबी मरीजों के संपर्क में रहने वाले परिवारों को यह निःशुल्क लगाया जाएगा।



## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हुई जीवनदीप समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

- सदस्यों ने विभिन्न विषयों पर की चर्चा

आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलका में आयोजित जीवनदीप समिति की बैठक में स्वास्थ्य केंद्र के वार्षिक एजेंडे पर चर्चा हुई। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने आय व्याय की जानकारी दी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में बताया। विभाग द्वारा संचालित सेवाओं की प्रगति और बजट के उपयोग पर समिति के सदस्यों ने संतोष जताया। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

सदस्यों ने ड्रेसर, वार्ड आया, चौकीदार की कमी, दवाई की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवा और गुणवत्ता से जुड़े मुद्दे को उठाया तथा एन क्वास को लेकर चर्चा की। संस्था के डॉ.अनिल शर्मा एवं डॉ.रवि करण सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता को बेहतर करने और पूरी पारदर्शिता के साथ मरीजों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की पहल केंद्र सरकार द्वारा की जा रही है। एन क्वास के तहत चिन्हित केंद्रों में ओपीडी रजिस्ट्रेशन से लेकर जांच और दवा तक की व्यवस्था ऑनलाइन की जानी है। केंद्रों की साफ-सफाई बेहतर की जाएगी तथा लोगों को जागरूक करने के लिए बैनर, पोस्टर लगेंगें। टीकारण, प्रसव पूर्व व प्रसव बाद जांच, वेस्ट डिस्पोजल की व्यवस्था पुख्ता करने की कोशिशे चल रही हैं। एनक्वास में स्वास्थ्य केंद्र की अलग पहचान बनेगी। सदस्यों ने प्रबंधन को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। इस दौरान बीपीएम तोपान सिंह दायमा, उमेश अग्रवाल, गिरीश गुप्ता, सरपंच शिवकुमार अगरिया, श्रीमती संगीता कुजूर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि दशरथ राजवाड़े, अनुराग सिंहदेव, दीपेंद्र गुप्ता, आशीष गुप्ता, ज्ञानप्रकाश दुबे, अमोद मिंज आदि उपस्थित थे।

### साहू समाज ने भक्तिभाव से मनाई भक्तमाता कर्मा जयंती, झांकी के साथ निकाली भव्य शोभायात्रा

**सीतापुर।** मंगलवार को साहू समाज ने भक्तमाता कर्मा जयंती भक्तिभाव के साथ बड़े धूमधाम से मनाया। नगर के जयस्तंभ चौक स्थित सार्वजनिक शिवमंदिर परिसर में माता कर्मा की पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण के बाद साहू समाज ने शिवमंदिर परिसर से झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। गाजे बाजे एवं आतिशबाजी के साथ शिवमंदिर से निकली शोभायात्रा नगर भ्रमण के बाद शिवमंदिर में आकर समाप्त हुई। शोभायात्रा संपन्न होने के बाद साहू समाज द्वारा मंदिर परिसर में रंगोली प्रतियोगिता समेत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें समाज के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में साहू समाज द्वारा भंडारे का आयोजन किया जिसमे साहू समाज के लोग शामिल हुए और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर साहू समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता समेत नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में महिला पुरुष एवं युवा शामिल हुए।



## राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा को लेकर दिखा उत्साह, ट्रैक्टर में पहुंचे परीक्षार्थी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन के तहत आयोजित राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस महापरीक्षा में शामिल होने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। युवाओं समेत महिला, पुरुष, बुजुर्ग और दिव्यांग परीक्षा देने ट्रैक्टर में भरकर परीक्षा केंद्र पहुंचे थे।

गौरतलब है कि उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन के तहत शिक्षा से वंचित लोगों को बुनियादी शिक्षा प्रदान करने गांवों में उल्लास केंद्र का आयोजन किया गया था जहां अध्ययनरत शिक्षार्थियों के लिए 44 केंद्रों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक आंकलन परीक्षा के तहत महापरीक्षा आयोजित किया गया। सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित इस महापरीक्षा में गांव की महिलाएं बड़े उत्साह के साथ शामिल हुई।शिक्षा विभाग द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार इस महापरीक्षा में कुल दो हजार सात सौ तीस परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसमे पुरुषों की संख्या 892 थी तो वही महिलाओं की संख्या पुरुषों से दो गुना से भी ज्यादा थी। पुरुष के मुकाबले 1838 महिलाएं इस महापरीक्षा में शामिल हुई। विकासखंड स्तरीय आयोजित इस महापरीक्षा का निरीक्षण करने जिले से बीपीओ अंबिकापुर नगर इंदु मिश्रा, व्याख्याता जिला प्रशिक्षण संस्थान श्रद्धा तिग्गा, समेत व्याख्याता तारामणि यादव सीतापुर पहुंची हुई थी। अधिकारियों ने केन्द्रों का निरीक्षण करने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बीइओ इंदु तिर्की, एबीईओ महेश सोनी, बीआरपी प्रेम गुप्ता, बीआरसी रमेश सिंह एवं उल्लास नोडल अधिकारी के रूप में संकुल समन्वयक साथ मे मौजूद थे।

**महापरीक्षा अभियान में सर्वाधिक महिलाओं ने लिया हिस्सा**



**बलरामपुर।** जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलरामपुर के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आकलन परीक्षा का आयोजन गत दिवस 23 मार्च 2025 को सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। साक्षर भारत के जिला परियोजना अधिकारी एच एल पटवा ने बताया कि बलरामपुर जिला में आज साक्षरों की कुल संख्या 28209 है जिसमें महिला 18286 एवं पुरुष 9923 साक्षर के रूप में पंजीकृत है। इन ए साक्षरों को साक्षर करने के उद्देश्य से 23 मार्च को 9 उन्नाव साक्षरता परीक्षा आयोजित किया गया जिसमें महिला 15506 एवं पुरुष 8651 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। राष्ट्रीय महापरीक्षा अभियान में बलरामपुर जिला में परीक्षार्थियों की औसत उपस्थिति 85% प्रतिशत रही। इस माह परीक्षा अभियान में जिले के बलरामपुर विकासखंड में सबसे कम परीक्षार्थी 2461 एवं सबसे ज्यादा परीक्षार्थी रामचंद्रपुर विकासखंड में 3045 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इसी तरह कुसमी विकासखंड में 2680, शंकरगढ़ विकासखंड में 2660, राजपुर विकासखंड में 2048, वाड्रफनगर विकासखंड में 2592 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

## शहीद दिवस पर साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी

**अम्बिकापुर।** शहीद दिवस पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में शायर-ए-शहर यादव विकास की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह और उपभोक्ता अधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण मिश्र मृगांक के आतिथ्य में काव्य गोष्ठी की। इस दौरान रामचरितमानस व एसपी जायसवाल रचित सरगुजिहा रामायण का पाठ भी किया गया। कृष्णकांत पाठक ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी।

ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि विश्व कविता दिवस का उद्देश्य कवियों और उनकी सृजनशीलता को सम्मानित करना है। काव्य की उत्पत्ति पीड़ा से होती है। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ने संस्कृत में रामायण की रचना की। महाकवि प्रसाद ने सात सर्गों में कामायनी महाकाव्य का प्रणयन किया। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने साकेत महाकाव्य लिखा। कवि सुमित्रानंदन पंत की तुलना अंग्रेजी के कवि वर्ड्सवर्थ से की जाती है। कविता दिवस पर हमें कवियों और उनकी कृतियों को सम्मान करना चाहिए। सच्चिदानंद पांडेय ने विश्व जल दिवस पर जल के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि विश्व में 99 प्रतिशत जल झीलों, नदियों, समुद्रों आदि प्राकृतिक जल स्त्रोतों में समाहित है। मात्र एक प्रतिशत जल ही पीने योग्य है। आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर ने कहा कि ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं को नदियों और नालों के पानी के शोधन का प्रयास करना चाहिए तभी जल संरक्षण का सपना साकार हो सकेगा। चंद्रभूषण मिश्र ने कहा कि शहीदों की शहादत से देशवासियों के हृदय में आजादी के लिए मर मिटने का जज्बा पैदा हुआ जिसने स्वतंत्रता रूपी सूर्य को उगाने का कार्य किया। संगोष्ठी में संतोष सरल ने आज प्रकृति को दे चुनौती मानव – विज्ञान फिर जीता, विनोद हर्ष ने जाने क्या चल रहा है लोगों के दिमाग में माधुरी जायसवाल ने जो अपना ना बने मन से उसे कहना पड़ता है।

मंशा शुक्ला के सहकर दंश अपनों का जीना है बड़ा मुश्किल, आशा पाण्डेय ने गीतों की झनकार में शामिल हो जाए, रंजीत सारथी ने ऐ पिंजरा कर मैना रे, ऐ पिंजरा छूट जाही भइया, पूनम दुबे वीणा ने रंगमंच है ये दुनिया, कृष्णकांत पाठक ने बहुत याद आता है गुजरा जमाना, चंद्रभूषण ने तेरी मधुर चमन सी बातों में, गीता दुबे ने जिंदगी जो मिली है तो जी लो, दोहाकार मुकुंदलाल साहू ने प्राणों को जिनने दिया, आजादी के नाम, डॉ. उमेश पाण्डेय ने मैं रास्ते का वह पत्थर सबको राह दिखाता चलूं, रामलाल विश्वकर्मा ने पावस में जब पड़ती फुहार, शायर ए शहर यादव विकास ने क्या-क्या न गुल खिलेंगे रचना गुले गुलजार में, अंत में वरिष्ठ कवि डॉ.सुधीर पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती संजू पाठक को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई। धन्यवाद ज्ञापन माधुरी जायसवाल ने किया। इस दौरान लीला यादव, केके त्रिपाठी, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, प्रमोद, मनीलाल गुप्ता उपस्थित थे।



## खंबे से गुजरे सर्विस तार सट रहा जमीन से, गंभीर हादसे का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- रेलवे स्टेशन प्रांगण के समीप शौचालय के पास लगे खम्बे में विद्युत विभाग की भारी लापरवाही हुई उजागर

रेलवे स्टेशन प्रांगण में सामुदायिक शौचालय के समीप स्थानीय रहवासियों के लिए बिजली कनेक्शन देने सीएसईबी विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए विद्युत पोल से खींची गई दर्जन भर से अधिक उपभोक्ताओं की सर्विस तार लम्बे अरसे लटककर से जमीन को छू रही है। इस संबंध में स्थानीय उपभोक्ताओं द्वारा कई बार विद्युत विभाग के अधिकारी को मौखिक सूचना दी गई है लेकिन अब तक विभाग द्वारा इसके सुधार हेतु कोई पहल नहीं की गई है, ऐसे में इस लापरवाही व लचर व्यवस्था से कभी भी गंभीर हादसा या जनहानी हो जाने का खतरा बना हूआ है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि बिश्रामपुर स्टेशन प्रांगण में सामुदायिक शौचालय के समीप विद्युत विभाग द्वारा एलटी लाइन सप्लाई के लिए सीमेंट का खंभा लगाया गया है, उक्त खम्बे से कई उपभोक्ताओं को कनेक्शन दिया गया है, यहां से दूरी होने के कारण बीच में तार के लिये कोई सपोर्ट नहीं दिया गया जिससे उनके सर्विस तार लटककर जमीन को छू रहे हैं, सर्विस तार कई जगह से कटे हुए हैं, ऐसी स्थिति में कोई भी व्यक्ति अथवा मवेशी तरंगित तार की चपेट में आ सकता है।इसी खंभे के नीचे लोहे के बॉक्स में उपभोक्ताओं के मीटर लगे हुए हैं, हाल ही में स्मार्ट मीटर लगाने वाले ठेकेदार के कर्मियों ने उसे बॉक्स के भीतर न लगाकर जमीन में लगा दिया है वो भी हादसे को आमंत्रण दे रहा है।





# किसान मेला और कृषि वैज्ञानिक चर्चा जैसे कार्यक्रम किसान हित में महत्वपूर्णः मरावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- किढ़सी विभाग की कार्यशाला में शामिल हुए विधायक

मंगलवार को नगर के ऑडिटोरियम में एक्सटेंशन रिफॉम्र्स (आत्मा) योजनांतर्गत जिला स्तरीय एक दिवसीय किसान मेला सह कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी व कलेक्टर एस जयवर्धन शामिल हुए।

कार्यक्रम में कृषि विभाग एवं सम्बद्ध विभाग पशुधन विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा विभाग अंतर्गत शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों द्वारा भी किसानों को फसल और पशु सम्बंधी बीमारियों, अधिक पैदावार के लिए अपनाए जाने वाले उपायों सहित कृषि उत्पादकता बढ़ाने सम्बंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञों द्वारा कीटनाशकों के जरूरत से ज्यादा मात्रा में प्रयोग के नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कीटों से रोकथाम के लिए प्रयोग किए जा रहे नवीन तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। विधायक श्री मरावी ने सभा में किसानों को कृषि में लाभान्वित करने के लिए इस तरह के मेले के आयोजन को महत्वपूर्ण कदम बताते हुए किसान हित के लिए बेहद आवश्यक कहा। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इस तरह के कार्यक्रम से किसान कृषि की पैदावार बढ़ाने के उपायों, नवीन तकनीकों के बारे में जानकारी मिलती है। कलेक्टर एस जयवर्धन ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों की समस्याओं का निदान करना है। इसके लिए जरूरी है कि अधिकारियों, वैज्ञानिकों और किसानों के मध्य सूचनाओं का आदान प्रदान होते रहे। किसान शत प्रतिशत रूप में अग्रिस्टेक में पंजीयन कराएं।

इस अवसर पर उपसंचालक कृषि सुश्री संपदा पैकरा द्वारा किसान मेला में लगाए गए स्टालों और उनके माध्यम से दी जा रही जानकारी के बारे में बताया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, जनपद अध्यक्ष, जिपं सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कृषक उपस्थित थे।





### बीएड प्रशिणार्थियों ने दी गीत, नृत्य की प्रस्तुति

**अम्बिकापुर।** बीएड इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एंड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय मदनपुर के बीएड द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षार्थियों द्वारा एक नृत्य एवं ग्रुप नृत्य गायन की प्रस्तुति दी गई। निर्णायक सुश्री निशा सरकार, अर्चना टोप्पो, फिलीमिना वैभव ने एकल नृत्य में धनश्री गुप्ता प्रथम, आंकाक्षा सिंह चौहान द्वितीय, अंकित यादव तृतीय, एकल गीत में अभिजीत टोप्पो प्रथम, धीरज राज पटेल द्वितीय एवं अखिलेश कुजूर तृतीय, युगल गीत में आंकाक्षा, प्रियंका प्रथम, रविशंकर, शशांक द्वितीय, युगल गीत में आंकाक्षा, प्रियंका प्रथम, रविशंकर, शशांक द्वितीय एवं दिक्षा, सौरव तृतीय, समूह नृत्य में संदीप एण्ड ग्रुप प्रथम, दिक्षा एण्ड ग्रुप द्वितीय एवं धनश्री एण्ड ग्रुप को तृतीय घोषित किया । इस दौरान प्रभारी प्राचार्य श्रीमती प्रीति सोनी सहित सभी सहप्राध्यापक उपस्थित थे।

25 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 3/25/2025 9:46 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### न्यायधानी में प्रधानमंत्री के आमसभा को लेकर भाजपा की बैठक आज

**अम्बिकापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को न्यायधानी बिलासपुर अंतर्गत मोहभट्ठा के कार्यक्रम स्थल पर विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने बताया कि प्रधानमंत्री आमसभा के परिपेक्ष्य में जिला भाजपा कार्यालय में विशेष बैठक 26 मार्च को दोपहर 2 बजे आयोजित की गई है। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता, जिला कोर कमेटी सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी शामिल होंगे।

### पार्षद ने वार्ड में बैठक लेकर सुनी वार्डवासियों की समस्या



**अंबिकापुर।** नव निर्वाचित पार्षद मनोज गुप्ता द्वारा चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादों को पूरा करने के साथ ही उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु नई पहल की है। पार्षद मनोज गुप्ता द्वारा नमनाकला स्थित सियान सदन, कृष्णानगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नमनाकला में माता राजमोहनी देवी वार्ड क्रमांक 12 के सर्वांगीण विकास हेतु पंचवर्षीय कार्य योजना तैयार करने के दृष्टिकोण से जनता के बीच बैठक आहूत की। राजमोहिनी देवी वार्ड के लगभग 100 लोगों ने तालाब सौंदर्यीकरण, सड़क, ओपन नाली को ढकने बिजली खंभा शिफ्टिंग सहित नवीन विद्युत खंभे लगाए जाने की मांग की। इसके अलावा कृष्णा नगर से नमनाकला मोहल्ले को सीधे तौर पर जोड़ने के लिए एक पुलिया निर्माण का भी मांग लोगों ने पार्षद के समक्ष रखा। पार्षद मनोज गुप्ता ने कहा कि जनता का जो भी सुझाव और मांग अभी सामने आ रहा है उसे अपने पंचवर्षीय योजना में शामिल कर वार्ड का विकास के लिए प्रस्ताव नगर निगम आयुक्त को प्रदान किया जाएगा। वार्ड के साफ-सफाई के लिए प्रशासन के साथ-साथ महीने में वे खुद एक बार वार्ड वासियों के साथ स्वच्छता अभियान में शामिल होंगे ताकि स्वच्छ वार्ड व स्वच्छ शहर का निर्माण किया जा सके। पार्षद मनोज गुप्ता ने कहा कि वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों के आमजनों से सुझाव लिया गया है। सड़क, नाली, तलाब सौंदर्य करण, बिजली आदि कार्यों का प्रस्ताव में प्रमुख रूप से शामिल किया जाएगा। पांच वर्षो में इन्ही प्रमुख कार्यों पर फोकस किया जायेगा। इस दौरान अनिल तिवारी, अनिल दुबे, चन्द्रसेन तिवारी, अनूप तिवारी, श्यामजीत गुप्ता, गोपाल तिवारी, धनंजय तिवारी व अन्य उपस्थित रहे।

### हसदेव क्षेत्र के केंद्रीय सम्मेलन में अजय केंद्रीय महासचिव नियुक्त

**बिश्रामपुर।** संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक के हसदेव क्षेत्र में संपन्न हुए केंद्रीय सम्मेलन में एटक नेता व संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा को अब केंद्रीय महासचिव की जवाबदेही सौंपी गई है।सम्मेलन में कन्हैया सिंह



को केंद्रीय अध्यक्ष चुना गया है।अजय विश्वकर्मा के महासचिव चुने जाने के बाद उनके समर्थकों में हर्ष का माहौल है ,अजय के केंद्रीय महासचिव चुने जाने के बाद संगठन में उनकी पकड़ और मजबूत होगी ऐसा समर्थकों का मानना है।वर्तमान में वे एसईसीएल में एटक से कंपनी वेलफेयर कमेटी के सदस्य बतौर नामित हैं।

### युवक व युवती को बंधक बनाकर मारपीट करने के मामले में अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर/मदनपुर।** मंगेतर को घुमाने लाए



युवक को ग्रामीणों द्वारा बंधक बनाकर रुपयों की मांगकर मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम सिलफिली निवासी प्रार्थी अमन सरकार पिता प्रदीप सरकार सोमवार को अपने मंगेतर को घुमाने सोमवार को लाया था। घुमाने उपरांत स्कूटी से मंगेतर को उसके घर छोड़ने ले जा रहा था। तभी ग्राम मदनपुर निवासी सुरेश मंडल ने दोनों को घर के पास रोककर पूछताछ करने लगा। इसके पश्चात प्रार्थी व उसके मंगेतर को घर में नाश्ता कराने के नाम पर साथ बैठा लिया। इसके पश्चात सुरेश मंडल के पिता गोविंद मंडल, मां, भाई मदन मंडल मौके पर पहुंचे और प्रार्थी व उसके मंगेतर के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों को कमरे में ही बंद कर बीस हजार रुपए की मांग करने लगे। पैसा देने से मना करने पर दोनों को पुलिस के हवाले करने की धमकी दी गई। जिस पर प्रार्थी की मंगेतर द्वारा मोबाइल पर अपनी मां को सूचना दी गई, सूचना मिलते ही युवती के परिजन तत्काल मौके पर पहुंच गए, जिस पर आरोपी गोविंद मंडल, सुरेश मंडल व अन्य लोगों द्वारा प्रार्थी व उसके परिजन के साथ डंडे व रॉड से हमला कर दिया गया। सूचना पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2), 127 (2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## भीषण गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण

# गाज के प्रभाव से जली मोटर, ग्राम कुदर में 5 दिनों से जल जीवन मिशन की आपूर्ति ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

**खास बात**

- पानी के लिए करना पड़ रहा दो किमी का सफर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की लापरवाही से ग्राम नया कुदर के ग्रामीणों को भी ष ण पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में ग्रामीण पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं।

ग्राम पंचायत कुदर सरगुजा के ऐसे गांवों में शामिल है जो प्रारंभ से ही भीषण जल संकट से जूझ रहे है। भूगर्भ में पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं होने के कारण गांव में जल स्त्रोतों की भारी कमी है। जल संकट के निराकरण के लिए प्रशासन द्वारा अनेक हैंडपंप खनन कराए गए लेकिन एकमात्र हैंडपंप ही सफल हो सका है। ग्रामीणों ने भी पेयजल एवं सिंचाई सुविधा के लिए जगह-जगह ट्यूबवेल खुदवाया लेकिन पानी उपलब्ध नहीं हो सका। शासन द्वारा चार वर्ष पूर्व गांव में जल जीवन मिशन की स्वीकृति प्रदान की गई तो दशकों से पेयजल समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को इस भीषण समस्या के निवारण की उम्मीद जगी। चार साल के लंबे इंतजार के बाद मिशन की टंकी तैयार हुई तो पेजयल के लिए जगह-जगह ट्यूबवेल का खनन कराया गया। एक जगह पानी मिला भी तो योजना की आवश्यकता के अनुरूप पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण ठेकेदार ने उसमें समर्सिबल पंप लगाकर छोड़ दिया। लम्बी मशक्कत के बाद जलस्त्रोत उपलब्ध हुआ तो ठेकेदार के कर्मचारियों व ग्रामीणों ने खुशियां मनाई। विभाग ने अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा कर जून 2024 में नवनिर्मित पानी टंकी के माध्यम से घर-घर पेयजल की आपूर्ति भी शुरू कर दी। जल जीवन मिशन योजना की आपूर्ति शुरू होने से ग्रामीणों की बड़ी समस्या का निराकरण होने के साथ ही आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त पानी उपलब्ध होने लगा। सब कुछ ठीक तरह चल रहा था। 21 मार्च को विक्षोभ के प्रभाव से अचानक मौसम बदला तथा जमकर वर्षा हुई। इस दौरान गाज की चपेट में आने से जल जीवन मिशन की मोटर जल गई जिससे पानी की आपूर्ति ठप हो गई। योजना का संचालन बंद हुए पांच दिन होने को है लेकिन इसकी खबर न तो पंचायत प्रतिनिधियों को है न ही ठेकेदार व विभाग के अधिकारियों को। इधर टंकी से पेयजल की आपूर्ति बंद होने के बाद ग्रामीणों को गर्मी में पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।



दोपहर में पानी के लिए भटकते ग्रामीण।

### पीएचई कर रहा संचालन

ग्राम नया कुदर में जल जीवन मिशन योजना का निर्माण पूरा हुए। लगभग एक साल पूरा होने को है लेकिन अभी तक विभाग योजना को ग्राम पंचायत के हवाले नहीं किया है। योजना का क्रियान्वयन अभी भी विभाग द्वारा किया जा रहा है। योजना के संचालन के लिए किसी कर्मचारी को तैनात नहीं किया गया है। ठेकेदार एवं विभाग के अधिकारियों की पहल पर गांव के ही लोग योजना का संचालन कर रहे हैं। जिम्मेदारी के अभाव में योजना के संचालन में लापरवाही बरतने एवं देखरेख की कमी होने की संभावना है। हालांकि पेयजल आपूर्ति गांव की बड़ी जरूरत होने के कारण ग्रामीण भी जिम्मेदारी के साथ योजना का संचालन कर रहे हैं। अब योजना की मोटर खराब होने के बाद ग्रामीणों के समक्ष पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है।

### एक किमी से ला रहे पानी

नया कुदर में जल जीवन मिशन के अतिरिक्त पानी के मात्र दो स्त्रोत है। प्राथमिक शाला के पास लगे हैंडपंप की दूरी बस्ती से एक किमी जबकि नाले के किनारे स्थित ढोढ़ी की दूरी दो किमी है। हैंडपंप के पास बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ पहुंचने के कारण लोग लम्बा सफर तय कर ढोढ़ी का पानी ला रहे है। इतनी लम्बी दूरी से पर्याप्त पानी लाना संभव नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है।

### भूमि टोंगरी में एक पखवाड़े से जल संकट

ग्राम पंचायत कुदर अंतर्गत भूमि टोंगरी पारा में जल जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर पेयजल की आपूर्ति की जा रही थी। योजना की पाइपलाइन में तकनीकी खराबी आने के कारण पिछले एक पखवाड़े से पानी की आपूर्ति बंद है। गांव में पानी का दूसरा स्त्रोत नहीं होने के कारण ग्रामीण एक किसान से मिन्नते कर उसके ट्यूबवेल से पानी भर रहे हैं। ट्यूबवेल से मात्र आधे घंटे तक पानी उपलब्ध होने के कारण ग्रामीणों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

### किया जाएगा सुधार

अभी योजना को ग्राम पंचायत के सुपुर्द नहीं किया गया है। ठेकेदार के माध्यम से तत्काल मोटर का सुधार कराने का प्रयास करता हूं। ग्रामीणों को पेयजल की समस्या नहीं होगी।

**मुकेश गुप्ता**
सहायक अभियंता, पीएचई



# शिक्षकों ने हड़प ली पहाड़ी कोरवा परिवारों की जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग, शंकरगढ़ क्षेत्र का मामला

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम खैरडीह में शिक्षकों की दबंगई का मामला सामने आया है। आरोप है कि शिक्षकों ने पहाड़ी कोरवाओं के नाम पर जमीन को अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर अपने नाम पर करा लिया है। शिक्षकों द्वारा अब इस भूमि पर खेती बाड़ी कर लाखों रूपए की कमाई की जा रही है। धोखे से नाम चढ़वाने के मामले में अब पहाड़ी कोरवा ग्रामीणों ने कलेक्टर के समक्ष ज्ञापन सौंपते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम खैरडीह निवासी 40 वर्षीय शिवबरत आ. लखन साय कोरवा, 35 वर्षीय रामब्रत आ. लखनसाय, 41 वर्षीय बनेश्वर आ. हरिहर, 36 वर्षीय धनेश्वर आ. बाबुराम, 15 वर्षीय कलेश्वर आ. बाबुराम के नाम पर ग्राम पंचायत में 22 खसरा में कुल 10.464 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। ग्रामीणों का कहना है कि इसमें से 13 खसरा नम्बरों का 4.312 हेक्टेयर भूमि को बचवार निवासी शिक्षक 50 वर्षीय बिहारी ला आ. धीदु उरांव व 48 वर्षीय शिक्षक हीराराम आ. पंडा ने पटवारी के साथ मिलीभगत कर अपने नाम पर करा लिया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्क्त भूमि पर उनका हक होते हुए भी दबंग और राजनैतिक पहुंच रखने वाले शिक्षकों द्वारा खेती की जा रही है। पंजीयन कराकर धान बेचा जा रहा है, जमीन के आधा पर खाद निकाला जा रहा है। शिक्षक ने अधिकारियों से मिलीभगत की है और आए दिन ग्रामीणों को डराते धमकाते रहत है। जब उन्हें इस धोखा धड़ी की जानकारी हुई तो उन्होंने अपने जमीन से संबंधित दस्तावेज व नकल निकलवाना चाहा लेकिन उन्हें जानकारी नहीं दी जा रही है।

उन्होंने अपनी जमीन वापस दिलाने के साथ ही शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं कलेक्टर बलरामपुर राजेंद्र कुमार कटारा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# रेलवे भूमि पर अतिक्रमण कर घर बनाने वालों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर-अनूपपुर रेल पथ से सटी हुई बिश्रामपुर जेएमक्यू कॉलोनी के समीप रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण कर वर्षों से घर बनाकर रह रहे परिवारों को रेलवे ने नोटिस जारी कर अवैध कब्जा हटा लेने का निर्देश जारी किया है एवं निर्देश का पालन नहीं करने पर रेलवे अधिनियम के तहत कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेलपथ बैकुंठपुर कार्यालय से जारी नोटिस में प्रथम चरण में 23 कब्जाधारियों को चिन्हांकित कर नोटिस जारी किया गया है।रेलवे पुलिस के द्वारा सभी नोटिस को संबंधित कब्जा धारियों को तामिल भी करा दिया गया है। बताया गया कि गत सात मार्च को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश सेक्शन के निरीक्षण में आए थे ,इस दौरान विंडो ट्रेलिंग इंस्पेक्शन के दौरान उन्होंने रेल लाइन से बिल्कुल सटी हुई झुग्गी बस्ती देखकर रेलवे अधिकारियों से इसका जवाब मांगा था ,अधिकारियों ने बताया कि उक्त भूमि रेलवे की है जिसके बाद उन्होंने रिहायशी बस्ती के पटरी से सटे होने को लेकर अब तक इस मामले में कार्यवाही नहीं होने पर अधिकारियों को फटकार भी लगाई थी।

सूत्रों ने बताया कि जीएम इंस्पेक्शन के बाद उनके कार्यालय से इस संबंध में कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे जिसके बाद रेल अमला अब सक्रिय हुआ है और खबर है कि चरणबद्ध तरीके से सर्वे कर ऐसे अतिक्रमणकारियों को अब रेल अमला नोटिस जारी कर कब्जा स्वयं हटा लेने निर्देश दिए हैं अथवा रेलवे अधिनियम के तहत कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा कारणों से फिलहाल रेलवे ने नोटिस जारी किया है ,आगे अनूपपुर अंबिकापुर रेल मार्ग का दोहरीकरण प्रस्तावित है और काम भी जोर शोर से शुरू है ,इसलिए भी अवैध बस्ती को हटाने रेल प्रबंधन ने नोटिस जारी किया है।बताया यह भी गया कि रेलवे पटरी से सटी हुई बस्ती बसी हुई है वहां रेलवे को कांक्रिट की चाहर दिवारी निर्माण किए जाने का प्रस्ताव है ,गत वर्ष इस इलाके किलोमीटर 1022 के 2,3 पर दीवार निर्माण किया जाना था तब भूमि में अतिक्रमण होने के वजह से वहां काम नहीं कराया जा सका।फिलहाल रेलवे द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद संबंधित कब्जेदारों में खलबली मची हुई है।

### एसईसीएल के ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित आवास आबंटन मामले में उपयंत्री को नोटिस

एसईसीएल बिश्रामपुर के ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित 2ए 104 नम्बर क्वार्टर कोल अधिकारियों के बीच विगत दो माह से भी अधिक समय से प्रतिष्ठा की लड़ाई का विषय बना हुआ है।दो माह तक मामला शांत रहने के बाद अब फिर से एक बार मामला जोर पड़ता दिख रहा है।उक्त क्वार्टर आबंटन मामले में कम्पनी प्रबंधन के अधिकारी व कर्मचारियों का एक वर्ग आपस में उलझता दिख रहा है।बताया गया कि 2ए कॉलोनी के 104 नम्बर क्वार्टर को सब ऑडिनेंट इंजीनियर एसएस पटेल द्वारा सेवानिवृत्त होने पश्चात कम्पनी प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया, तत्पश्चात इस आवास को प्रबंधन ने सिविल विभाग के ओवर सीयर मिथलेश सिन्हा को आबंटित किया, जिसको लेकर ऑफिसर एसोसिएशन के क्षेत्रीय सचिव अमरेंद्र नारायण सिंह ने इस पर आपत्ति जताते हुए एसईसीएल महाप्रबंधक को उक्त क्वार्टर आबंटन में आर्थिक अनियमितता का आरोप लगाया कि अधिकारी वर्ग के आवास को गैर अधिकारी वर्ग के कर्मी को आबंटित कर दिया गया है।बताया गया कि ऑफिसर एसोसिएशन के पत्र के बाद प्रबंधन ने उक्त आवास का आबंटन निरस्त कर सिविल विभाग के दो प्रबंधन प्रशिक्षु कर्मशः मनीष कश्यप व अमन गोयल को संयुक्त रूप से आबंटित कर दिया था जिसके बाद से दोनों अधिकारी आवास में ताला लगाकर प्रशिक्षण के लिए आईआईएम रांची गए हुए हैं।इधर कम्पनी प्रबंधन ने मिथलेश सिन्हा को उक्त आवास का आबंटन निरस्त किए जाने की सूचना न देकर विवाद को दबाने की कोशिश की है, गत शनिवार को ओवर सीयर मिथलेश सिन्हा द्वारा उक्त आवास में लगा ताला को तोड़कर रंग रोगन कराया जाने लगा,इस दौरान कम्पनी क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी को सूचना मिली कि उक्त आवास में मिथलेश सिन्हा द्वारा रंग रोगन कार्य कराया जा रहा है जिसके बाद सुरक्षा विभाग ने वहां से ठेकेदार के कर्मचारियों को काम बंद कराते हुए दूसरा ताला लगा दिया गया है।घटना के बाद कुमदा सहक्षेत्र प्रबंधक ने ओवर सीयर मिथलेश सिन्हा को आरोप पत्र जारी कर मामले में स्पष्टीकरण माँगा है।

# मनरेगा के कर्मचारी रहेंगे तीन दिनों की हड़ताल पर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

- वेतन के लाले, 26 से शुरू होगा आंदोलन



छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद योजनाओं के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार दिलाने वाले मनरेगा कर्मचारियों की स्थिति दिन ब दिन दयनीय होती गई। केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में इन्होंने विगत 3 माह मे हजारो आवास पूर्ण करने के बाद भी इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं हैं।

प्रदेश में मनरेगा योजना अंतर्गत 10 वर्ष से अधिक सेवा अवधि पूर्ण कर चुके कर्मचारियों की बड़ी संख्या है। वर्षों सेवा देने के बाद भी इन कर्मचारियों के लिए मानव संसाधन निधि नहीं बन पाई। आलम तो यह है कि इन कर्मचारियों को विगत चार माह से वेतन भी नहीं दिया गया है। इन समस्याओं के बाद अब मनरेगा के कर्मचारियों ने तीन हड़ताल और आंदोलन के जरिए शासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का निर्णय लिया है। उदयपुर रोजगार गारंटी कार्यक्रम अधिकारी एवं संघ के प्रांतीय महासचिव सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षुब्ध कर्मचारी 26 एवं 27 मार्च को हड़ताल में रहेंगे एवं 27 मार्च को सभी जिलों मे रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन देंगे। वही 28 मार्च को राज्यस्तरीय हड़ताल में शामिल होकर रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम से ज्ञापन सौंपेंगे। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष अजय सिंह क्षत्री ने बताया कि हड़ताल के लिए जनपद जिलों में ज्ञापन सौंपा जा चुका है। बीते एक साल में मनरेगा कर्मचारी मानव संसाधन लागू कराने संघर्ष करते रहे। कमेटी भी बनी जिसे 15 दिवस में रिपोर्ट सौंपना था, किंतु प्रशासन की उदासीनता के चलते निर्णय नहीं हुआ। इसके विपरीत मनरेगा के कार्यों के अलावा कर्मचारियों पर पीएम आवास, पीएम जनमन, स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य विभागो के भी कार्य लिए जा रहे है। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के शासन स्तर से तय सभी लक्ष्यो को मनरेगा कर्मचारियो ने अपना पसीना बहाकर दिन रात कड़ी मेहनत कर पूरा किया है। इन्हें विगत चार माह से वेतन भी नहीं दिया गया।

# जिपं अध्यक्ष ने किसानों के साथ किया सूखे एनीकट का निरीक्षण, अधिकारियों को लगाई फटकार



**प्रतापपुर।** करोड़ों की लागत से ग्राम रेवटी में निर्मित एनीकट के पहले ही साल सूखने एवं सिंचाई के अभाव में किसानों की फसल सूखने की सूचना पर मंगलवार को जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा ने किसानों की फसल एवं सूखे एनीकट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लापरवाही पर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई एवं तीन दिवस के भीतर एनीकट में जलभराव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थिति से कलेक्टर को भी अवगत कराया। हरिभूमि ने मंगलवार के अंक में चार करोड़ की लागत से बना एनीकट पहले ही साल ड्राई शीर्षक से खबर प्रकाशित कर एनीकट निर्माण में की गई अनियमितता एवं किसानों की समस्या को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। खबर पर संज्ञान लेते हुए जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा मंगलवार को ग्राम रेवटी पहुंची उन्होंने ग्रामीणों के साथ सिंचाई के अभाव में सूख रही फसलों एवं सूखे बांध का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर ठेकेदार द्वारा निर्माण में बरती गई लापरवाही की भी जानकारी ली तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को फोन कर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कलेक्टर को फोन से बांध निर्माण में बरती गई लापरवाही एवं सिंचाई के अभाव में सूख रही फसलों की स्थिति से अवगत करा दोषी अधिकारियों व ठेकेदार पर कार्रवाई करने एवं प्रभावित किसानों को फसल का मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को तीन दिन के भीतर एनीकट में जलभराव की व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसानों की समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों को सिंचाई समस्या का शीघ्र निराकरण कराने का भी आश्वासन दिया।

इस दौरान अवधेश गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, अरूण गुप्ता, आलमचंद आयम, अंशुमन पटेल, सोनू गुप्ता, संजू पटेल, लवकेश पटेल सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# अवैध निर्माण के खिलाफ उरांव समाज ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- स्थगन के बाद भी अवैध निर्माण जारी रहने पर जताया रोष



मूली पड़हा उरांव समाज भवन के छज्जे के नीचे कराए गए अवैध निर्माण के विरुद्ध उरांव समाज ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में उरांव समाज ने स्थगन के बाद भी अवैध निर्माण किए जाने पर रोष जताया है। इस संबंध में उरांव समाज ने अवैध निर्माण कार्य के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है व कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

विदित हो कि लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम के सामने मूली पड़हा उरांव समाज का सामाजिक भवन मौजूद है जहां समाज द्वारा समय समय पर सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उरांव समाज द्वारा निर्मित इस भवन के पड़ोस में आरती कुशवाहा का घर मौजूद है। उरांव समाज का आरोप है कि आरती कुशवाहा द्वारा उरांव समाज के भवन के छज्जे की नीचे अवैध निर्माण किया गया है जिसकी वजह से बाथरूम के पानी का निकासी अवरुद्ध हो गया है। इस संबंध में उरांव समाज द्वारा पूर्व में तहसीलदार कार्यालय में ज्ञापन सौप अवैध निर्माण पर कार्यवाही की मां की गई थी। उरांव समाज द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के बाद तहसीलदार कार्यालय द्वारा आरती कुशवाहा को छज्जा छोड़कर निर्माण कार्य करने का आदेश जारी किया गया था इसके बाद भी महिला ने तहसीलदार के आदेश को दरकिनार कर छज्जे के नीचे निर्माण करा दिया गया। इस दौरान उरांव समाज द्वारा इसका विरोध भी किया गयालेकिन महिला ने केस में फंसाने की धमकी देकर सब को चुप करा दिया। इस संबंध में उरांव समाज का कहना है कि तहसील कार्यालय से जारी स्थगन आदेश के बाद भी महिला ने अवैध निर्माण कार्य नही रोका। समझाने के बाद भी महिला लड़ने झगड़ने पर उतारू हो जाती है। महिला ने न्यायालय तहसीलदार द्वारा जारी स्थगन आदेश की अवहेलना की है। जिसके विरुद्ध उरांव समाज ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में कोई उचित कार्रवाई नहीं होती है तो समाज द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष गिरधर राम भगत, अनिल निराला उरांव, हरिहर राम, रामकेश्वर राम समेत उरांव समाज के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून
25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411